## दिनांक 28.01.2015 को आयोजित IFAD-ILSP परियोजना प्रबन्धन समिति (PMC) की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 28.01.2015 को पूर्वाह्न 11:30 बजे अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, श्री एस० राजू की अध्यक्षता में होटल इन्द्रलोक, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है :–

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. अपर सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन, श्री अर्जुन सिंह।
2. अपर सचिव पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन, श्री आशीष जोशी।
3. सचिव जलागम के प्रतिनिधि, श्री डी०जे०के० शर्मा, अपर निदेशक जलागम।
4. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
5. अपर सचिव उद्यान, उत्तराखण्ड शासन, श्री टिकम सिंह पंवार।
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तराखण्ड, श्री डी०आर० जोशी।
7. अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन के प्रतिनिधि श्री विकेश कुमार सिंह यादव, उप कृषि निदेशक, कृषि निदेशालय, देहरादून।
8. एस०वी०सी०सी० (उपासक) के प्रतिनिधि श्री पवन कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
9. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री विजय कुमार।

परियोजना के अधिकारियों/स्टाफ की उपस्थिति का विवरण:–

1. श्री एम0 एस0 यादव, प्रबन्धक– मानव संसाधन, UGVS
2. श्री राजीव सिंघल, प्रबन्धक– मुख्य कार्यक्रम प्रबन्धन, UGVS
3. श्री ललित कुमार, वित्त प्रबन्धक, UGVS.
4. श्री अजय पुरोहित, सलाहाकार– MIS, UGVS

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति के सदस्य सचिव द्वारा प्रबन्धन समिति की चतुर्थ बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रिओं का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्ता निम्नवत् है:–

### कार्यसूची PMC: 4.01:

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 30.01.2014 को आयोजित तृतीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना प्रबन्धन समिति की तृतीय बैठक दिनांक 30.01.2014 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक का कार्यवृत्त सदस्यगणों के समक्ष संज्ञानार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्यगणों द्वारा अवलोकन कर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

कार्यसूची PMC: 4.02 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 30.01.2014 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन समिति की तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 30.01.2014 को आयोजित तृतीय बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा इंगित बिन्दुओं पर कृत्त कार्यवाही/अनुपालन की स्थिति सदस्यों के संज्ञानार्थ व अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

सदस्यों द्वारा अनुपालन की स्थिति का अवलोकन कर संज्ञानार्थ लिया गया।

कार्यसूची PMC: 4.03 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2014–15 की प्रगति आख्या।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 की अद्यतन प्रगति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। परियोजना की धीमी गति पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि Project Loan Agreement तथा Project Implementation Manual के प्रावधानों के अन्तर्गत स्वीकृत AWPB के सापेक्ष परियोजना कार्यो का क्रियान्वयन त्वरित गति से संबंधित परियोजना निदेशक स्तर पर किया जाय। संबंधित PIA (UGVS, PSWMD, UPASaC) की प्रबन्धन समिति/अध्यक्ष को सन्दर्भित करने हेतु चिह्नित मुद्दों के अतिरिक्त अन्य मामलों की समस्त पत्रावलियों पर संबंधित परियोजना निदेशक के स्तर पर तथा मुख्य परियोजना निदेशक के स्तर से निर्णय लिया जाय।

**(कार्यवाही– CPD, CPCU-ILSP; PD, UGVS ; PD, PS-WMD व MD, UPASaC)**

कार्यसूची PMC: 4.04 :

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) का अनुमोदन**

माननीय सदस्यगणों के संज्ञान में लाया गया कि विकासखण्ड स्तर पर परियोजना के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी संस्थाओं (TA) का चयन एवं स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास के अन्तर्गत पूर्ण होने की प्रत्याशा में वर्ष 2014–15 का धनराशि रू०130.90 करोड़ का AWP&B निर्धारित किया गया था। इस क्रम में अवगत कराया गया कि स्वीकृत पदों को भरने की प्रक्रिया में तथा तकनीकी संस्थाओं (TA) की चयन प्रक्रिया के अनुमोदन में अत्याधिक विलम्ब हुआ। माह जनवरी 2015 के प्रथम पक्ष में UGVS में तकनीकी संस्थाओं के साथ अनुबन्ध निष्पादित किए जाने तथा पदों को भरने हेतु साक्षात्कार 23.01.2015 तक सम्पन्न कराये जाने से समिति अवगत हुई। स्टाफ की कमी व तकनीकी संस्थाओं के चयन में विलम्ब के फलस्वरूप क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष में मात्र 2 माह शेष होने के कारण उक्त AWP&B को धनराशि रू०55.19 करोड़ हेतु संशोधित कर परियोजना प्रबन्धन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

आईफैड व भारत सरकार के मध्य सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule1Part-II के पैरा 6.2 के क्रम में ILSP परियोजना का वर्ष 2014–15 हेतु रू०55.19 करोड़ का संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट परियोजना स्टीयरिंग कमेटी के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार परियोजना प्रबन्धन समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया :–

### INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)
### Revised Estimates (RE) AWPB: 2014-15
### SUMMARY

| Acct | COMPONENT | Approved Budget 2014-15 | Revised Budget 2014-15 | | Financing Plan (000 INR) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Amt (,000) | No. of Programme | Amt (,000) | GoUK | | IFAD (Reimbursement) | Banks | Beneficiary |
| | | | | | RD Deptt | Agriculture Deptt | | | |
| 10000 | **Food Security & Livelihood Enhancement** | ***799,843*** | ***12,692*** | ***238,779*** | ***30,793*** | | ***198,967*** | | ***9,018*** |
| 20000 | **Participatory Watershed Development** | ***302,940*** | **2,143** | **167,108** | **17,183** | **34,680** | **105,468** | | **9,776** |
| 30000 | **Livelihoods Finance** | ***173,768*** | ***2,924*** | ***130,257*** | ***4,130*** | | ***11,083*** | ***110,000*** | ***5,043*** |
| 40000 | **Project Management** | | | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit -CPCU | 6,102 | 41 | 2,195 | 523 | | 1,671 | | |
| 42000 | M&E and Knowledge Management -UGVS | 16,604 | 350 | 11,685 | 1,909 | | 9,775 | | |
| 43000 | M&E and Knowledge Management -WMD | 9,730 | 83 | 1,945 | 701 | | 1,244 | | |
| | ***Subtotal Project Management*** | ***32,436*** | ***474*** | ***15,825*** | ***3,134*** | | ***12,690*** | | |
| | **G.Total** | ***1,308,987*** | **18,233** | **551,969** | **55,240** | **34,680** | **328,208** | ***110,000*** | **23,837** |

## कार्यसूची PMC: 4.05 :
## एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट रू०142.75 करोड़ को समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। भारत सरकार एवं अर्न्तराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना स्टीयरिंग कमेटी के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु रू०142.75 करोड़ की वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का परियोजना प्रबन्धन समिति द्वारा निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया :–

## INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)
## Budget Estimates (BE): 2015-16

### SUMMARY

| Acct | COMPONENT | Total Amt. ('000) | | Financing Plan Amt. ('000) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AWPB 2015-16 | | GoUK | | IFAD (Reimbur sement) | Banks | Beneficiar y |
| | | Units | Amt (,000) | RD Deptt | Agric ulture Deptt | | | |
| 10000 | Food Security & Livelihood Enhancement | *36,419* | *743,875* | *67,236* | | *633,250* | | *43,388* |
| 20000 | Participatory Watershed Development | *4,988* | *409,380* | *33,741* | *39,616* | *297,112* | | *38,910* |
| 30000 | Livelihoods Finance | *5,170* | *235,096* | *8,820* | | *16,153* | *200,000* | *10,122* |
| 40000 | Project Management | | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit-(CPCU) | 160 | 10,113 | 3,654 | | 6,459 | | |
| 42000 | M&E and Knowledge Management-UGVS | 957 | 18,314 | 4,616 | | 13,697 | | |
| 43000 | M&E and Knowledge Management-WMD | 209 | 10,762 | 2,244 | | 8,517 | | |
| | *Subtotal Project Management* | *1,326* | *39,189* | *10,514* | | *28,674* | | |
| | *Total* | *47,903* | *1,427,540* | *120,311* | *39,616* | *975,189* | *200,000* | *92,420* |

**कार्यसूची PMC:4.06 :**

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) के वित्तीय वर्ष 2013–14 के कार्यो की ऑडिट रिर्पोट एवं Project Financial Statement**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2013–14 में माह जुलाई 2013 से मार्च 2014 तक की गतिविधियों का ऑडिट CAG Empennelled, CA Firm M/s DMA & Associates के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरोन्त IFAD द्वारा निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement माह सितम्बर 2014 में IFAD को प्रेषित किया जा चुका है।

समिति द्वारा ऑडिट रिपोर्ट का अवलोकन किया गया।

**कार्यसूची PMC: 4.07 :**

**Department of Economic Affairs (EA), New Delhi द्वारा दिनांक 01.05.2014 को प्रेषित पत्र तथा दिनांक 17.11.2014 से 24.11.2014 के मध्य Implementation Support Mission की रिपोर्ट ।**

माननीय सदस्यगणों के संज्ञान मे लाया गया कि दिंनाक 28.02.2014 को Department of Economic Affairs (DEA), New Delhi तथा आईफैड की नई दिल्ली मे Review Meeting आयोजित की गयी, जिसमे ILSP परियोजना की समीक्षा में परियोजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। तदोपरान्त DEA द्वारा परियोजना को गति प्रदान हेतु Delegation of Powers की आवश्यकता को देखते हुये उत्तराखण्ड शासन को दिनांक 01.05.2014 को पत्र प्रेषित किया गया जिसमे मुख्यतः निम्नवत वर्णित है –

"After analyzing the state of implementation of the ILSP and drawing from the experience of the other projects, it was felt that project could pick up pace if the delegation of powers for all project-specific decision making was appropriately and adequately done. **The state government should consider empowering the Project Steering Committee and the Project Management Committee and the Central Project Coordination Unit (CPCU) and 3 PIAs (UGVS/ PSWMD/UPASAC) appropriately and adequately so that all project-related issues are decided upon expeditiously without there being any need for matters being referred on file or various approvals to various departments."**

इस क्रम में IFAD के दिनांक 17.11.2014 से 24.11.2014 के मध्य Implementation Support Mission की रिपोर्ट सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

उपरोक्त पर चर्चा उपरान्त कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 4.03 पर दिए गए निर्देशों के क्रम में समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि Project/Financing Agreement तथा Project Implementation Manual के प्रावधानों के अन्तर्गत परियोजना कार्यो के क्रियान्वन में प्रगति लाने हेतु स्तर वार कार्यो के चिन्हीकरण एवं प्रतिनिधायन इत्यादि की संस्तुति करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाय जिसमें CPD CPCU-ILSP, PD ग्राम्या एंव अपर निदेशक WMD तथा PD PS-WMD सम्मिलित होंगें। उक्त रिपोर्ट अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु ACS & FRDC एवं अध्यक्ष परियोजना प्रबन्धन समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाय। संबंधित PIA (UGVS, PSWMD, UPASaC) की प्रबन्धन समिति/अध्यक्ष को सन्दर्भित करने हेतु चिह्नित मुद्दों के अतिरिक्त अन्य मामलों की समस्त पत्रावलियों पर संबंधित परियोजना निदेशक के स्तर पर तथा मुख्य परियोजना निदेशक के स्तर से निर्णय लिया जाय।

**(कार्यवाही – CPD, CPCU-ILSP; PD, UGVS; PD, PS-WMD एवं MD, UPASaC)**

**कार्यसूची PMC: 4.08 :**

**ILSP के Re-structuring के संबंध में ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त पत्र।**

सदस्य सचिव द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि ILSP के Re-structuring के सम्बन्ध में ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन का शासनादेश सं॰ 770/Sec.RD/Camp 2014 देहरादून दिनांक 24.12.2014 प्राप्त है। पत्र में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार के द्वारा दिनांक 19.12.2014 को एवं भारत सरकार मे आर्थिक कार्य विभाग द्वारा दिनांक 22.12.2014 को एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की समीक्षा के क्रम में जनवरी 2015 के अन्तिम सप्ताह मे IFAD के Review Mission को आयोजित करने की सहमति का उल्लेख करते हुये IFAD के Review Mission की तैयारी हेतु उत्तराखण्ड सरकार के उक्त पत्र के पैरा–डी के अंतिम पैरा पर परियोजना क्षेत्र के विकासखण्डों व जनपदों के Inputs को समावेश करने के निर्देश प्राप्त हुए है।

परियोजना के घटक–Food Security & Livelihood Enhancement के अन्तर्गत Livelihood based Infrastructures के रूप में जिले में संकुल स्तर (Cluster level) पर संग्रहण केन्द्रों आदि बनाने का प्रावधान है। इस क्रम में जिला अल्मोड़ा में 6 व टिहरी में 2 संग्रहण केन्द्र *(जिनके लिए सम्बन्धित फैडरेशनों के पास भूमि उपलब्ध है)* का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है।

उत्तराखण्ड शासन के पत्र में परियोजना के स्तर से कार्यवाही हेतु की गई अपेक्षानुसार परियोजना क्षेत्र के समस्त जनपदों के जिलाअधिकारी व मुख्य विकास अधिकारियों को दिनांक 15.01.2015 तक निम्नांकित बिन्दुओं पर उनके सुझाव/Inputs एवं सूचनाऐं उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 03.01.2015 को पत्र प्रेषित किया जा चुका है जिसमें निम्न जानकारी प्राप्त होनी अपेक्षित है :–

1. प्रत्येक पर्वतीय जनपद में ग्राम व विकासखण्ड स्तर के Livelihood Based infrastructure यथा स्थानीय भण्डारण (Local Storage), संग्रहण केन्द्र Cold Storage तथा अन्य सम्बन्धित संरचनाओं आदि, जिनका प्रयोग कृषि उत्पादों क संग्रहण हेतु किया जा रहा हो, की वर्तमान संख्या, स्थिति, एकत्रित किये जाने वाले उत्पदों की मात्र (मौसमी/सालाना) आदि की जानकारी।
2. उपरोक्त के अतिरिक्त Livehihood Based Infrastructure से संबंधित समुदाय की कृषि उत्पादों के प्रकार व मात्रा के अधार पर नई संरचनाओं के निर्माण की आवश्यकता तथा वर्तमान में उपलब्ध अवस्थापना की संरचनाओं में यदि किसी प्रकार के पुनःरक्षण/पुनरूद्वार की अवश्यकता हो, जोकि संकुल स्तर (Cluster level) पर अथवा ग्राम स्तर पर स्थानीय भण्डारण हेतु उपयोग हों तो उसके स्थलों का विवरण कृषि उतपादों के नाम व मात्रा आदि सहित।

**(कार्यवाही :– समस्त सम्बंधित जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा प्रभागीय परियोजना प्रबन्धक-ILSP)**

उपरोक्त पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि संबंधित प्रभागीय परियोजना प्रबन्धक द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व विकासखण्ड स्तर पर फोलोअप कर सूचनाओं को एकत्र करने में Facilitate किया जाय तथा Livelihood Based Infrastructure की आवश्यकता में Assessment हेतु कुछ Experts को उक्त कार्य पर लगाया जाय। उक्त Market Infrastructure के Need Assessment को अंतिम रूप देने के लिए State Level के Stakeholders तथा संबंधित जिलाधिकारियों के साथ माह अप्रैल 2015 के अन्त में एक कार्यशाला आयोजित की जाय जिसमें संबंधित स्वयं सेवी संस्थाओं/व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाय जिन्हें उक्त संबंधी विशेषज्ञता हासिल हो।

**(कार्यवाही :– समस्त सम्बंधित जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा प्रभागीय परियोजना प्रबन्धक-ILSP ; PMU ILSP/PSWMD)**

**कार्यसूची PMC: 4.09:**
**अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से बैठक का अतिरिक्त बिन्दुः–**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परियोजना निदेशक, PS-WMD-ILSP द्वारा परियोजना समिति जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) के अन्तर्गत एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के लिए निम्नांकित दो Consultancy कार्य, जिनकों कि मुख्य परियोजना निदेशक/प्रमुख सचिव, जलागम तथा अपर मुख्य सचिव/FRDC/अध्यक्ष परियोजना प्रबन्धन समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है, उक्त को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः–

**1. Selection of agency for M&E consultancy under ILSP (WMD).**
As per the agreed action plan with the IFAD mission, the consultancy for Monitoring and Evaluation (Including Baseline survey, Midterm and Final Outcome Assessment) was to be finalized and an agency was to be selected for the purpose. As advised by IFAD and as per procurement rules the following agency was selected.

| S. No | Description of Consultancy | Selected Firm | Consultancy Cost |
|---|---|---|---|
| 1. | Monitoring and Evaluation (Including Baseline survey, Midterm and Final Outcome Assessment) | InsPIRE Network for Environment IRIA House, C-5 Qutab Institutional Area, New Delhi | Rs. 66,10,779.00 Service Tax Extra |

**2. Selection of Field NGO (FNGO) consultancy under ILSP (WMD).**
The Implementation of the Participatory Watershed Management Component began with the establishment of the newly elected Gram Panchayats and Gram Pradhans in August 2014. As per the agreed action plan with the IFAD mission Field NGO was to be selected for the project. As advised by IFAD and as per the procurement process, an agency has been selected for the purpose.

| S. No | Description of Consultancy | Selected Firm | Consultancy Cost |
|---|---|---|---|
| 1. | Field NGO Consultancy | M/S Himalayan Institute for Environment Ecology & Development (HIFEED) Project Office – Street No.4 Shastri Nagar, Haridwar Road, Dehradun | Rs. 7,94,72,200.00 Service Tax Extra |

उपरोक्त पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गई तथा परियोजना के Financing Agreement के Section 7.01 पर उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत क्रियान्वयन संबंधी समस्त प्रकरणों को सम्बन्धित PIA की प्रबन्धकारिणी समिति/PIA के सक्षम स्तर पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

(कार्यवाही – CPD, CPCU-ILSP; PD, UGVS; PD, PS-WMD एवं MD, UPASaC)

उपरोक्त के साथ ही सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

(एस॰ राजू)
अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास,
उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP

(एस०राजू)
अपर मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)**
**उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (UGVS)**
**(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)**
216, पंडितवाड़ी, फेज– I I, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 1521 / PMC-4 /2014–15 दिनांक 03/02/2015

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन
2. सचिव, जलागम देहरादून।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
4. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
5. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
9. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. समस्त संबंधित जिलाधिकारी।
11. समस्त संबंधित मुख्य विकास अधिकारी।
12. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
13. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।
14. समस्त संबंधित खण्ड विकास अधिकारी।
15. समस्त संबंधित प्रभागीय परियोजना प्रबन्धक, ILSP।

03/02/15
(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP